# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
**NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified**

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 449 – 455 दिनांकः–10.08.2026

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / कार्यक्रम अधिकारी,
विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय (रा0से0यो0),
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–स्वतंत्रता दिवस 2026 के अन्तर्गत दिनांक 09 से 17 अगस्त, 2026 तक "हर घर तिरंगा" अभियान आयोजन संबंधी।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय के संलग्न पत्र संख्या स0 15–01 / रा0से0यो0 / क्षे. नि / लख / 2026–27 / 5462–5603, दिनांक 08 अगस्त, 2026, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके सम्बन्ध में अवगत कराना है कि देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए स्वतंत्रता दिवस समारोह के अन्तर्गत प्रतिवर्ष "हर घर तिरंगा" अभियान चलाया जाता है। इस अभियान का चौथा संस्करण दिनांक 09 से 17 अगस्त, 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत अपने–अपने महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों के स्वयंसेवकों के माध्यम से **"हर घर तिरंगा"** अभियान के तहत उपरोक्त कार्यक्रम / गतिविधियां आयोजित करवाने तथा कार्यक्रम, शपथ ग्रहण समारोह, तिरंगे के साथ सेल्फी (Selfie with Tiranga), स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण अभियान, स्वतंत्रता सेनानियों को श्रृद्धाजलि, जागरूकता अभियान कराये जाने अपेक्षित हैं।

अतः आपसे अनुरोध है कि विश्वविद्यालय / महाविद्यालयों के रा0से0यो0 ईकाईयों के स्वयंसेवकों के माध्यम से उपरोक्त कार्यक्रम / गतिविधियां आयोजित कराना सुनिश्चित करें तथा साथ ही की गयी कृत कार्यवाही की विस्तृत समेकित आख्या / रिपोर्ट (फोटोग्राफ्स, वीडियों क्लिपिंग एवं समाचार पत्रों की कतरने आदि) इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। उक्त आयोजित कार्यक्रम को My Bharat Portal (Create Event) पर भी अपलोड अवश्य कराएं साथ ही कार्यक्रम / गतिविधियों की फोटोग्राफ्स रा0से0यो0 के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मो पर भी अपलोड कराना सुनिश्चित करें। कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोक्त।**

भवदीय

**डॉ0(राजीव कुमार यादव)**
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचानार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. क्षेत्रीय निदेशक, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, बहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ– 226001
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय के संज्ञानार्थ।
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. बेवसाइट प्रभारी को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

10.8.

कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना